## न्यूज डायरी



### न्यूजीलैंड में कोरोना के 10,294 नए मामले आए सामने, 18 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंग्टन। कोरोना का अंत अभी भी दूर– दूर तक दिखाई नहीं दे रहा, एकबार फिर से कोरोना ने अपनी रफ्तार पकड़ ली है। कहीं ये धीमी नजर आ रही है तो कहीं जोर पकड़ती दिख रही है। जहां पूरे विश्व में इस कोरोना के उछाल को चौथी लहर के रूप में देखा जा रहा है तो कहीं ये नए वैरिएंट के रूप में दहशत बना रही है। भारत में पिछले महीने कोरोना धीमी पड़ी थी और सभी प्रकार के कोरोना नियमों को वापस लिया गया था। मामले फिर से बढ़ने के कारण कई राज्यों में दोबारा प्रतिबंध लगाए जा रहे है। चीन की बात करें तो शंघाई में कोरोना ने तबाही मचा रखा है जिसके बाद चीन सरकार ने शंघाई में लाकडाउन के साथ कई कड़े प्रतिबंध लगाएं हैं। अब खबर न्यूजीलैंड से आ रही हैं जहां कोरोना अपने पैर पसारता नजर आ रहा है। न्यूजीलैंड के कई कई बड़े शहर कोरोना की चपेट में आ गए है।

### यूएई में भारतीय दंपति की हत्या में पाकिस्तानी वर्कर को मौत की सजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय दंपति के कत्ल के मामले में अदालत ने एक पाकिस्तानी वर्कर (26) को फांसी की सजा सुनाई है। बताया जा रहा है कि दोषी एक ई–वर्कर है। पीड़ितों के विला में मेंटीनेंस के दौरान उसने रुपए देखे थे, जिसे चोरी करने के लिए वह घर में घुसा था। लेकिन दंपति के जागने पर उसने उन पर चाकू से कई वार कर उन्हें मार डाला। उसने पीड़ितों की बेटी पर भी हमला किया था, लेकिन किस्मत से वह बच गई और पुलिस को सूचना देने में कामयाब रही। डबल मर्डर पीड़ितों की पहचान हिरेन अधिया और विधि अधिया के रूप में हुई थी। घटना 15 जून 2020 को अंजाम दी गई थी। दोषी ने हिरेन अधिया पर करीब 10 बार और उनकी पत्नी पर 14 बार चाकू से वार किया था। घटना के 24 घंटे के भीतर ही उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

### इमरान खान को मिल रहीं धमकियां, लाहौर में जनसभा को वर्चुअली करेंगे संबोधित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान गुरुवार को लाहौर में अपने पार्टी की रैली को संबोधित करेंगे। यह संबोधन वर्चुअल होगा। दरअसल इमरान खान को मिल रही धमकियों के बाद ऐसा फैसला लिया गया है। यह सुझाव लाहौर के एडिशनल डिप्टी कमिश्नर अतियाब सुल्तान की ओर से दिया गया है। उन्होंने बुधवार को इसके लिए पीटीआइ को एक नोटिफिकेशन जारी किया था। इसमें पार्टी के नेताओं से किसी तरह की दुर्घटना से बचाव के लिए समय से कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। देश की सत्ता हाथ से जाने के बाद इमरान खान ने देशव्यापी विरोध अभियान शुरु कर दिया। इस माह पेशावर और कराची में दो सफल रैलियां की जिसमें इमरान खान के समर्थन में भारी संख्या में लोग सामने आए। उनकी अगली रैली आज लाहौर स्थित मीनार–ए–पाकिस्तान में होनी है जिसे वे संबोधित करने वाले हैं।

### पाकिस्तान की नई सरकार के भी अस्थिर होने की आशंका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। इमरान खान को पाकिस्तान की सत्ता से बाहर करने के बाद, शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली नई सरकार पर भी संकट के बादल छाए हैं। अब शहबाज सरकार भी अस्थिर दिख रही है क्योंकि राजनीतिक दल जो कभी एक–दूसरे के दुश्मन थे वह अब साथ आए हैं लेकिन अभी तक मतभेद दिख रहे हैं। इस्लाम खबर के अनुसार पाकिस्तान सरकार की अस्थिरता के दो प्रमुख कारण हैं। पहला, नई सरकार में कई मंत्री दागी पृष्ठभूमि से हैं और कुछ भ्रष्टाचार और अन्य गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं। जबकि भ्रष्टाचारियों की लिस्ट में खुद शहबाज शरीफ का भी नाम हैं। उन पर धोखाधड़ी और बेईमानी से राष्ट्रीय खजाने को 193 मिलियन पीकेआर का नुकसान करने का आरोप लगा था। दूसरा मुख्य कारण यह है कि दो प्रमुख गठबंधन सहयोगियों–पीपीपी और पीएमएल–एन के बीच अंतर्निहित प्रतिद्वंद्विता है।

# मारियुपोल में रुका रूस का हमला सेना को दिया हमले रोकने का आदेश

**आदेश**

## पुतिन की अपील– सम्मानजनक व्यवहार करेंगे, बाहर आएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मॉस्को। रूस–यूक्रेन युद्ध का प्रमुख बिंदु बन चुका मारियुपोल पहले दिन से विध्वंसक हमले झेल रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने गुरुवार को रूसी सेना को यूक्रेनी बंदरगाह शहर मारियुपोल में अजोवस्टल प्लांट पर हमले रोकने का आदेश दिया है। पुतिन ने कहा कि वह चाहते हैं कि सैनिक घेराबंदी जारी रखें। पुतिन ने अपने रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु को नए आदेश जारी किए हैं। शोइगु ने इससे पहले पुतिन को बताया था कि 2000 से अधिक यूक्रेनी लड़ाके अभी भी प्लांट के भीतर मौजूद हैं।

रॉयटर्स की खबर के अनुसार पुतिन ने कहा, मुझे लगता है कि इंडस्ट्रियल जोन पर की जा रही कार्रवाई अनावश्यक है। मुझे इसे रोकने का आदेश देता हूं। पुतिन का कहना है कि उन्होंने अजोवस्टल प्लांट पर हमले रोकने का आदेश रूसी सैनिकों के जीवन की रक्षा के उद्देश्य से



दिया है। उन्होंने कहा कि इस प्लांट में चढ़ने–उतरने की कोई जरूरत नहीं है। इस इंडस्ट्रियल एरिया को ब्लॉक करें ताकि यहां कोई आ जा न सके।

पुतिन ने अजोवस्टल प्लांट के भीतर मौजूद यूक्रेनी सैनिक, जिन्होंने अभी तक सरेंडर नहीं किया है, से कहा है कि रूस उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करेगा और घायलों को इलाज मुहैया कराया जाएगा। रूसी सेना ने मारियुपोल में एक विशाल प्लांट में छिपे लड़ाकों के खिलाफ बुधवार को घेराबंदी सख्त कर दी थी। यह मारियुपोल में यूक्रेन का संभवतः अंतिम गढ़ है। अंदर छिपे एक लड़ाके ने वीडियो में मदद की गुहार लगाते हुए कहा, हमारे पास शायद चंद दिन या कुछ घंटे बचे हैं। नई बमबारी के कारण इस बंदरगाह शहर में फंसे नागरिकों को निकालने का प्रयास नाकाम हो गया है।

**रूस ने टेस्ट की इंटरकह्न्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल सरमतः** इस बीच, क्रेमलिन ने युद्ध खत्म करने के लिए अपनी मांगों के एक मसौदे में कहा कि देश छोड़कर भागने वाले लोगों की संख्या 50 लाख पर पहुंच गई है। वैश्विक तनाव बढ़ने पर रूस ने नई तरह की इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल ३सरमत३ के पहले सफल परीक्षण की जानकारी दी। राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने कहा कि यह किसी भी मिसाइल रक्षा प्रणाली से बच सकती है और रूस को धमकाने वाले लोगों को दो बार सोचने पर मजबूर करती है।

**रूस का मकसद– डोनबास पर कब्जा** रूस की सरकारी अंतरिक्ष एजेंसी ने इस परीक्षण को नाटो को तोहफा बताया। पेंटागन ने इसे नियमित परीक्षण बताया और कहा कि वह इसे खतरा नहीं मानता है। युद्ध के मोर्चे पर यूक्रेन ने कहा कि मॉस्को के पूर्वी क्षेत्र पर हमले जारी हैं। रूस ने कहा कि उसने ठिकानों पर सैकड़ों मिसाइल और हवाई हमले किए। इसमें सेना और वाहनों के जमावड़े वाले ठिकाने भी शामिल हैं। क्रेमलिन ने कहा कि उसका मकसद डोनबास को कब्जे में लेना है। कुख्यततः रूसी भाषी वाला यह पूर्वी क्षेत्र कोयला खदान, धातु संयंत्रों और भारी उपकरण वाली फैक्ट्रियों का गढ़ है।

## कोरोना को रोकने के लिए घरों में ही कैद रहेंगे शंघाई के लोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शंघाई। चीन में कोरोना की रफ्तार बेकाबू हो गई है। कोरोना के बढ़ते मामलों ने चीन की चिंताएं बढ़ा दी है। इस बीच शंघाई के अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि उन जिलों में भी सख्त प्रतिबंध लागू रहेंगे, जो कोविड के प्रसार को शून्य करने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर भर के अलग–अलग क्षेत्रों के बाहर मामलों की संख्या दोबारा बढ़ी है।

दरअसल, इस सप्ताह के पहले स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा मूल्यांकन किया गया था कि कुछ सामान्य होने की उम्मीद है। हाल के दिनों में रुझानों से पता चला है कि शंघाई ने प्रभावी रूप से कोरोना के प्रसारण पर अंकुश लगाया था। एक नियमित प्रेस कान्फ्रेंस में चोंगमिंग जिले के डिप्टी गवर्नर ने कहा कि अधिकांश प्रतिबंधों को जारी रखा जाएगा।

हालांकि उन्होंने संगरोध क्षेत्रों के बाहर शून्य मामलों की सूचना दी है। वहीं, उप–गवर्नर झांग जिटोंग ने कहा कि सुपरमार्केट खरीदारों के लिए बंद रहेगी। बिना मंजूरी के सड़कों पर वाहनों की अनुमति नहीं होगी और प्रत्येक घर से केवल एक व्यक्ति को चोंगमिंग के कुछ शहरों में हर दिन घर से बाहर जाने की अनुमति होगी। उप–गवर्नर झांग जिटोंग ने कहा कि रोकथाम क्षेत्रों में लोगों के लिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि स्वतंत्र रुप से आ–जा सके।



हबल टेलिस्कोप ने 32 साल में खींची सबसे हैरतअंगेज फोटो!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा पांच आकाशगंगाओं की एक अद्भुत तस्वीर के साथ अंतरिक्ष में हबल स्पेस टेलिस्कोप का 32वां जन्मदिन मना रही है। इसमें तीन घुमावदार, एक अंडाकार और एक लेंस जैसी आकाशगंगा शामिल है। धरती से 300 मिलियन प्रकाश वर्ष की दूरी पर इन आकाशगंगाओं का मिलन हुआ है। आकाशगंगाएं आपस में गुरुत्वाकर्षण बल के चलते एक–दूसरे से मिलती हुई नजर आ रही हैं। इनका संबंध खगोलविदों को बहुत कुछ सिखा सकता है कि आकाशगंगाएं कैसे बनती हैं। हबल टेलिस्कोप को हाइड्रा नक्षत्र के बीच झांकने पर आकाशगंगाओं के मिलन का यह अद्भुत नजारा देखने को मिला।

## एजोवस्तल से जख्मी सैनिकों व नागरिकों को निकालना चाहता है यूक्रेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कीव। यूक्रेन में हमले जारी हैं। इस क्रम में मारियूपोल के एजोवस्तल स्टील प्लांट में घायल सैनिकों व नागरिकों की मदद के लिए यूक्रेन ने रूस से गुहार लगाई है। यूक्रेन के के उप प्रधानमंत्री इराइना वेरेस्चुक ने गुरुवार को रूस से कहा है कि प्लांट में हमलों के कारण जख्मी नागरिकों व सैनिकों की सुरक्षित मानवीय कारिडोर के जरिए निकासी कराई जाए। वेरेस्चुक ने आनलाइन पोस्ट में कहा, वहां करीब 1000 जख्मी नागरिक और 500 सेना के जवान हैं। इन सबको प्लांट से निकालने की जरूरत है।

रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु

**मारियूपोल पर रूस ने किया कब्जे का दावा**

ने राष्ट्रपति ब्लादीमिर पुतिन से गुरुवार को कहा कि देश की सेना ने मारियूपोल पर पूरी तरह कब्जा हासिल कर लिया है। मार्च के शुरुआत में ही जब रूस ने मारियूपोल पर हमला किया था तब प्लांट के भीतर करीब 8,100 यूक्रेनी सेना मौजूद थी और अब भी वहां 2000 से अधिक जवान हैं।

1400 से अधिक आतंकियों ने अपने हथियार डाल दिए और 142,000 से अधिक लोगों को शहर से सुरक्षित निकासी कराई गई। रूस ने दो बार प्लांट में मौजूद लोगों के सुरक्षित निकासी की पेशकश की लेकिन कोई सामने नहीं आया। शोइगु ने कहा कि प्लांट से लोगों को निकालने के लिए हर दिन दो घंटे के लिए मानवीय कारिडोर का भी विकल्प दिया गया था। उन्होंने कहा, हमने 90 बसों और 25 एंबुलेंस उनके लिए तैयार किए और हालात पर काबू रखने के लिए कैमरे भी लगाए। प्लांट से निकलने के लिए किसी ने अपना कदम नहीं बढ़ाया। यूक्रेन के 36वें मरींस ब्रिगेड के कमांडर सर्गेई वालिना ने दावा किया कि सैंकड़ों नागरिक प्लांट के भीतर फंस गए थे। रूस ने फरवरी के अंत में यूक्रेन पर पहला हमला किया था। यह क्रम अब तक जारी है। इन हमलों से नाराज हो अमेरिका समेत अनेक पश्चिमी देशों ने यूक्रेन पर कई प्रतिबंध लगा दिए हैं।

## अमेरिका के रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन ने चीनी रक्षामंत्री से की बात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। अमेरिका में बाइडन सरकार के आने के बाद से झटका दे रहे चीन के रक्षा मंत्री वेई फेंगे ने पहली बार अमेरिका के रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन से बात की। अमेरिकी रक्षा मंत्री के एक साल से चले आ रहे अनुरोध पर पहली बार हुई बातचीत में चीनी रक्षामंत्री ने ताइवान और यूक्रेन को लेकर धमकी दे डाली। वेई ने कहा कि अमेरिका समुद्र में उकसाने वाली कार्रवाई और यूक्रेन को लेकर चीन को धमकाना बंद करे। जनवरी 2021 में लॉयड ऑस्टिन के रक्षा मंत्री बनने के बाद पहली बार दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई है। बताया जा रहा है कि इस बातचीत का मकसद दोनों देशों की सेनाओं के बीच संबंधों में स्थिरता लाने के लिए की गई है। वेई फेंगे ने कहा कि अमेरिका अपने वादों को पूरा करे और चीन के साथ नए शीतयुद्ध को नहीं शुरु करे। साथ ही चीन में सिस्टम में बदलाव लाने का लक्ष्य न रखे। उन्होंने कहा कि अमेरिका ताइवान की स्वतंत्रता को अपना समर्थन नहीं दे और चीन के साथ टकराव की मंशा न पाले।